आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में प्रतिष्ठित कुशल शिल्पकारों को सम्मानित करने के लिए हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान करेंगी।
- संसद ने स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक–2025 को पारित कर दिया है।
- उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी की अध्यक्षता में कल केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- द्वीप समूह में 21 दिसंबर को पल्स पोलियो टीकाकरण के लिए राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस आयोजित किया जाएगा ।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान करेंगी। इसमें वर्ष 2023 और 2024 के लिए प्रतिष्ठित कुशल शिल्पकारों को सम्मानित किया जाएगा। वस्त्र मंत्रालय ने कहा कि ये प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान असाधारण कलात्मक निपुणता का सम्मान करते हैं। यह भारत की समृद्ध एवं विविध हस्तशिल्प विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

<><><><><><><>

भारत के कारीगरों के कौशल, रचनात्मकता और दृढ़ता का सम्मान करने के लिए, उद्योग निदेशालय की ओर से 14 दिसंबर तक राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह मनाया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन उद्योग निदेशक अतुल सोनी ने किया। यह आयोजन शिल्पकारों के अमूल्य योगदान का सम्मान करने के साथ भारत की समृद्ध हस्तशिल्प परंपराओं को संरक्षित और बढ़ावा देने की राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। प्रधानमंत्री के स्थानीय कारीगरों का समर्थन करने के आह्वान के अनुरूप, नागरिकों को स्वदेशी हस्तशिल्प खरीदने और #MyHandicraftsMyPride और #MyProductMyPride का उपयोग करके अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस के तहत एएनई–सागरिका की पहली मंजिल पर एक हस्तशिल्प मेला और प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है, जो स्थानीय शिल्प और सांस्कृतिक परंपराओं की जीवंत विविधता को प्रदर्शित करती है।

<><><><><><><>

संसद ने स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक–2025 को पारित कर दिया है। राज्यसभा ने इसे कल पारित किया, लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुका है। विधेयक में पान मसाला और केंद्र सरकार से अधिसूचित किसी भी अन्य वस्तु के उत्पादन पर उपकर लगाने का प्रस्ताव है। उपकर से प्राप्त राशि का उपयोग जन स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा पर व्यय किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि यह उपकर नागरिकों के स्वास्थ्य और देश की सैन्य तैयारियों को मजबूत करने के लिए एक व्यवस्था प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह उपकर केवल हानिकारक वस्तुओं पर लगाया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के वेतन एवं लेखा संगठन की ओर से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में 8वाँ अंडमान निकोबार सिविल लेखा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वित्त सचिव डॉ. अमन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता डॉ. प्रिजित रेख और लेखा एवं बजट निदेशक एस दासगुप्ता भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में वित्त सचिव ने 'ई–संकलन' मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। SOVTECH के तकनीकी सहयोग से विकसित, 'ई–संकलन' भारत सरकार और अंडमान निकोबार प्रशासन की नियम पुस्तकों, नियमावलियों, कार्यालय ज्ञापनों, परिपत्रों आदि का एक व्यापक डिजिटल भंडार है। इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य भारी–भरकम 'गार्ड फ़ाइलों' पर निर्भरता को कम करना, अद्यतन निर्देशों तक त्वरित और सहज पहुँच को सक्षम बनाना और इस प्रकार लेखा कर्मियों की दक्षता को बढ़ाना है। 'ई–संकलन' मोबाइल ऐप Google Play Store पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है और इसे वेब पोर्टल ई–संकलन से भी सीधे डाउनलोड किया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य अभियंता ने वित्तीय जवाबदेही सुनिश्चित करने में प्रशासन के लिए लेखा कैडरों के योगदान की सराहना की। लेखा एवं बजट निदेशक ने सिविल लेखा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वित्तीय प्रशासन को मजबूत करने और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने में इसकी भूमिका पर ज़ोर दिया।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी की अध्यक्षता में कल अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन के प्रमुख परिणामों के प्रचार और विचार–विमर्श के लिए एक केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा, आयुक्त–सह–सचिव; प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, और अंडमान निकोबार पुलिस के सभी अधिकारियों ने भाग

लिया। उद्घाटन सत्र लोक निवास के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया, जहाँ पुलिस विभाग द्वारा साठवें अखिल भारतीय डीजीपी और आईजीपी सम्मेलन के अवलोकन के साथ पुलिस की उपलब्धियों पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सम्मेलन में पुलिस तथा प्रशासन के बीच समन्वय को मजबूत करने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने देश भर के 18000 से अधिक पुलिस स्टेशनों में पहाड़गाँव थाना को दूसरा स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी। तकनीकी सत्र के दौरान आपदा प्रबंधन, तटीय सुरक्षा, नैटीग्रिड और आई.सी.जे.एस. जैसी प्रौद्योगिकी का उपयोग, तथा साइबर धोखाधड़ी और मादक पदार्थों से निपटने की रणनीतियों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख पुलिसिंग चुनौतियों पर भी विचार–विमर्श किया गया।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को ग्रेट निकोबार द्वीप के गांधी नगर और शास्त्री नगर में प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के संबंध में पत्र लिखा है। अपने पत्र में सांसद ने भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से द्वीप समूह में 21 दिसंबर को पल्स पोलियो टीकाकरण के लिए राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस आयोजित किया जाएगा। इस दिन, 0–5 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को पोलियो बूथ पर पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई जाएंगी। इसके बाद अगले दो दिनों तक स्वास्थ्य कर्मचारी घर–घर जाकर उन बच्चों को भी पोलियों की खुराक देने का काम करेंगे, जो पोलियो बूथ नहीं पहुंच पाए। इस संबंध में 17 दिसम्बर को सुबह दस बजे स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

वन रेंजर पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र erecruitment.andamannicobar.gov.in से बाईस दिसम्बर की मध्यरात्रि तक डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों से कहा गया है कि भौतिक रूप में कोई प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, उम्मीदवार सभी कार्य दिवसों में, सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के बीच, प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय के भर्ती प्रकोष्ठ से व्यक्तिगत रूप से या फोन पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

एकल–स्कूल आउटरीच कार्यक्रमों के तहत पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से कल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, स्वराज द्वीप में आवारा कुत्तों से संबंधित मुद्दों और सामुदायिक जिम्मेदारी पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पशु चिकित्सक दल ने कुत्तों के काटने से बचने के लिए तत्काल प्राथमिक उपचार और आवारा कुत्तों की आबादी को मानवीय तरीके से नियंत्रित करने में पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम की वैज्ञानिक भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, संकाय सदस्य और छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><>